nandgaon times julai-15-01.qxd 7/14/2024 10:49 PM Page 1

राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी कोमल श्रीवास का... पृष्ठ 2 | गौ-रक्षा हेतु कड़े कानून बनाने बजरंग... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 15 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 273, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## नगरीय निकायों के कार्यों में आएगी तेजी, उच्च स्तरीय निगरानी समिति का गठन, ऑनलाइन पोर्टल से होगी समीक्षा

**रायपुर।** राज्य शासन ने नगरीय निकायों में निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण कराने और परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए विभागीय उच्च स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया है. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मंत्रालय से समिति के गठन का आदेश जारी किया है. विभाग ने समिति के कर्तव्यों और समीक्षा की प्रक्रिया निर्धारित करते हुए संबंधितों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दे रहे हैं. उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठकों में इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया है. नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय निगरानी समिति का विस्तार राज्य के सभी नगरीय निकायों में होगा. समिति नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री/भारसाधक मंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी. विभागीय सचिव की ओर से सौंपी गई अन्य योजनाओं/परियोजनाओं की समीक्षा भी समिति करेगी. शासन स्तर पर विभागीय उप सचिव उच्च स्तरीय निगरानी समिति के नोडल अधिकारी और विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (तकनीकी) सहायक नोडल अधिकारी होंगे. संचालनालय स्तर पर अपर संचालक नोडल अधिकारी तथा मुख्य अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे. सूडा स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी समिति के नोडल अधिकारी और अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी या उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे. निगम स्तर पर नोडल अधिकारी संबंधित आयुक्त और वरिष्ठतम अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे. वहीं क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर संयुक्त



संचालक नोडल अधिकारी और कार्यपालन या अधीक्षण अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे. नगर पालिका और नगर पंचायत स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी और वरिष्ठतम अभियंता समिति के सहायक नोडल अधिकारी होंगे. विभाग द्वारा उच्च स्तरीय निगरानी समिति गठित करने के संबंध में जारी आदेश के अनुसार सूडा द्वारा समिति के लिए ऑनलाइन पोर्टल का निर्माण/व्यवस्था की जाएगी. संचालनालय द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के लिए आवश्यकतानुसार राशि प्रदान की जाएगी. समिति की ओर से सभी परियोजनाओं की समीक्षा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी.नगरीय निकायों के नोडल अधिकारी हर 15 दिनों में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर ऑनलाइन पोर्टल में कार्यवाही विवरण दर्ज करेंगे. नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में 45 दिनों में संचालनालय/सूडा स्तर पर समीक्षा की जाएगी. नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों की निकाय स्तर पर समीक्षा के बाद हर माह क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर प्रगति की समीक्षा की जाएगी. वहीं नगर निगमों में निकाय स्तरीय समीक्षा के बाद हर महीने संचालनालय/सूडा स्तर पर समीक्षा की जाएगी. शासन स्तर पर उप सचिव द्वारा प्रत्येक तिमाही में प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा की जाएगी. अलग-अलग स्तर के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा. विभागीय उच्च स्तरीय निगरानी समिति की निर्धारित समीक्षा बैठकें आयोजित कराने के लिए सूडा द्वारा अलग से विभागीय उच्च स्तरीय निगरानी प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव द्वारा विभागीय उच्च स्तरीय निगरानी समिति के कार्यों की आवश्यकतानुसार समीक्षा के साथ ही छह महीने में एक बार समीक्षा अवश्य की जाएगी. सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा विभागीय उच्च स्तरीय निगरानी समिति के कार्यों का प्रतिवेदन हर तीन महीने में विभागीय सचिव को भेजा जाएगा.

## एक पेड़ मां के नाम : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर में किया पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने च्एक पेड़ मां के नामज्ज् अभियान के तहत जशपुर जिले में पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने दुलदुला में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 10 हितग्राही महिलाओं को अमरूद का पौधा व संदेश पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जीवनदायिनी धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और आने वाली पीढियों को अनुकूल वातावरण देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रेरणादायी अभियान, च्एक पेड़ माँ के नामज्ज् की शुरुआत की है। हमारी सभी माताओं-बहनों को एक पौधा भेंट कर रहा हूँ। यह पौधा प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी के साथ ही उससे हमारे अटूट संबंध को दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि पौधे से हमें प्राण वायु मिलता है। जो हमारे जीवन के लिए



आवश्यक है। पौधरोपण से पर्यावरण में सुधार होता है और मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन मिलता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हितग्राही अनिता लकड़ा को अमरूद का पौधा सौंपते हुए पूछा कि पौधा कहां पर लगाएंगे। अनिता ने बताया कि इसे अपने आंगन में लगाऊंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने हितग्राहियों को पौधे वितरित किए और उन्होंने कहा कि इन पौधों को रोपित कर उन्हें अपने बच्चों की तरह देख-भाल करें। ताकि भविष्य में आने वाले पीढ़ी को इन पौधरोपण का लाभ मिल सके। इस अवसर पर सांसद रायगढ़ श्री राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनि भगत, विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि च्एक पेड़ माँ के नामज्ज् मुहिम के तहत इस पौध वितरण महाभियान के तहत महतारी वंदन की हितग्राही महिलाओं को जशपुर जिले में 2 लाख से अधिक पौधे वितरित किए जायेंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए पंचायत स्तर पर तैयारी कर ली है।

## सुरक्षाबलों ने 2 इनामी समेत 7 माओवादियों को पकड़ा



**बीजापुर।** सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षाबलों ने थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत छुटवाई के जंगल से 7 नक्सलियों को पकड़ा है, जिसमें दो इनामी माओवादी भी शामिल है। दरअसल जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत क्षेत्र में सघन सर्चिंग के दौरान थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत छुटवाई के जंगल में डीआरजी, थाना तर्रेम व सीआरपीएफ कोबरा 210, 153,एसटीएफ की संयुक्त टीम निकली थी। पुलिस को देखकर माओवादी जंगल में भागने और छिपने लगे। इस पर सुरक्षाबलों की टीम ने 7 सात नक्सलियों को पकड़ा। पकड़े गए माओवादियों में मिलट्री प्लाटून नंबर 9 का सदस्य, जिस पर 2 लाख का इनाम था और ्र्रस्रूस् की अध्यक्ष, जिस पर एक लाख की इनाम था को गिरफ्तार किया। सातों नक्सली लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत थे। सात माओवादी क्षेत्र में मार्ग अवरुद्ध करने, द्घश्वष्ठ ब्लास्ट करने, रोड काटने, बैनर, पाम्पलेट लगाने जैसी घटना मे शामिल थे। माओवादियों के विरुद्ध थाना तर्रेम में वैधानिक कार्यवाही उपरांत न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

## शराब घोटाला मामला : पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा यूपी पुलिस के प्रोडक्शन वारंट पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में यूपी पुलिस ने अब आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को प्रोडक्शन वारंट पर उत्तरप्रदेश ले जा रही है. यूपी पुलिस ने अनिल टुटेजा के प्रोडक्शन वारंट



का आवेदन लगाया था, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है. टुटेजा को पुलिस कल मेरठ कोर्ट में को पेश कर सकती है. बता दें कि नकली होलोग्राम बनाने के मामले पर अनिल टूटेजा के खिलाफ भी उत्तरप्रदेश में अपराध दर्ज है. इससे पहले मामले में यूपी पुलिस ने अनवर ढेबर और पूर्व विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की गिरफ्तारी की है. जुलाई 2023 में नकली होलोग्राम मामले में श्वष्ठ के डिप्टी डायरेक्टर ने नोएडा के कासना थाने में स्नद्धक्र दर्ज कराई थी. 3 मई को यूपी स्ञ्जस्न ने प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया था. पूछताछ में गुप्ता ने अनवर और अरुणपति का नाम लिया था. एफ्आईआर के अनुसार, छत्तीसगढ़ के एक्साइज डिपार्टमेंट ने अवैध रूप से प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्रालि को टेंडर दिया था. कंपनी के मालिकों की मिलीभगत से निविदा शर्तों को संशोधित किया गया और अवैध रूप से निविदा आवंटित की गई. बदले में कमीशन लिया गया और डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई छत्तीसगढ़ सक्रिय गैंग को की गई. टेंडर मिलने के बाद, विधु गुप्ता ने डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी अरुण पति त्रिपाठी के निर्देश पर की. गैंग के सदस्य होलोग्राम को अवैध शराब की बोतलों पर चिपकाते थे और फर्जी ट्रांजिट पास के साथ दुकानों में पहुंचाते थे. इस काम में छत्तीसगढ़ के 15 जिलों के आबकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे.

## माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.......

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** डेहरी ऑन सोन (बिहार) माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के तत्वाधान व संस्था की मातृ शक्ति प्रभारी श्री



मती सीमा मित्तल के नेतृत्व मे आज डेहरी ऑन सोन (बिहार)मे लगाया गया स्वास्थ्य शिविर डॉ. ए. के. हीरानी मेडिसिन ने मरीजों कि जांच कि व उचित सलाह के साथ - साथ दवाओं का भी वितरण किया। इस अवसर पर श्री मती सीमा मित्तल जी ने मरीजों व उनके अभिभावकों को सम्बोधित करते हुये सलाह स्वरूप बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना रूटीन चेकअप कराना चाहिए ताकि होने वाली बीमारियों से सतर्क हुआ जा सके तथा उसका उचित उपाय किया जा सके। माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के संस्थापक श्री संकर्षण जी महाराज (गुरू जी ) ने डेहरी प्रभारी महिला व संस्था के सक्रिय कार्य कर्ताओं व डॉ. हीरानी को बहुत-बहुत साधुवाद दिए।

## नई शिक्षा नीति हजारों साल पुरानी संस्कृति और भाषाओं से भी छात्रों को जोड़ेगी : अमित शाह

**इंदौर।** मध्य प्रदेश को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रविवार को बड़ी सौगात मिली। इंदौर में आयोजित समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने हम सबके लिए एक लक्ष्य रखा है, वर्ष 2047 में जब देश की आजादी के 100 साल होंगे, तब तक हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व भर में प्रथम होगा, ऐसे भारत का निर्माण करना है। ऐसा शिक्षा नीति को मजबूत किए बगैर नहीं हो सकता, इसीलिए पीएम मोदी ने वर्ष 2020 में आगामी 25 साल की जरूरत को पूरा करने वाली सभी चीजों को विजुलाइज करके नई शिक्षा नीति बनाई। यह नई शिक्षा नीति आगामी 25 सालों तक भारत के विद्यार्थियों को विश्व भर के विद्यार्थियों के साथ स्पर्धा के योग्य बनाएगी और दूसरी ओर हजारों साल पुरानी हमारी



संस्कृति और भाषाओं के साथ भी विद्यार्थियों को जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा, %%पूरे देश में अगर सबसे पहले नई शिक्षा नीति कहीं जमीन पर उतरी तो वह मध्य प्रदेश है। पूरे देशभर में इंजीनियरिंग और मेडिकल साइंस का अभ्यास क्रम अगर किसी राज्य ने अपनी भाषा में अनुवादित किया तो वह मध्य प्रदेश ने किया था। इससे बहुत सारे गरीब बच्चों को मातृभाषा में उच्च शिक्षा, मेडिकल साइंस और इंजीनियरिंग का ज्ञान लेने में लाभ मिला है। आज 500 करोड़ की लागत से कॉलेज आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ हो रहा है, यह सिर्फ नाम बदलने का कार्यक्रम नहीं है। इसके पैरामीटर, क्राइटेरिया तय किए गए हैं। यह सभी कॉलेज तय मापदंडों को पूरा करते हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भी नई शिक्षा नीति से होने वाले लाभों का जिक्र किया। राज्य के सभी जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत हुई है। वर्तमान में मौजूद कॉलेजों को ही अपग्रेड कर नया दर्जा दिया गया है। इन कॉलेजों में सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। साथ ही जरूरत के मुताबिक आने वाले समय में प्रोफेसर्स की पदस्थापना की जा रही है।

## नीट विवाद : एनटीए ने मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए नई याचिकाएं दायर कीं

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष कथित नीट (यूजी) पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए नई याचिकाएं दायर की हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी वाद सूची के अनुसार, इस मामले पर 15 जुलाई को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ सुनवाई करेगी जिसमें न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। इससे पहले 20 जून को शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट (यूजी) पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक लगा दी थी और एनटीए को ग्रेस मार्क्स में गड़बड़ी से जुड़ी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के आवेदन वापस लेने की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 13 जून को जारी आदेश में ग्रेस मार्क्स के जुड़े मामले को समाप्त करने का फैसला किया था क्योंकि एनटीए ने अदालत को बताया था कि वह 1,563 छात्रों को दिये गये ग्रेस मार्क्स वापस ले रही है। इन छात्रों को 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल होने या अपने मूल मार्क्स से संतोष करने का विकल्प दिया गया था। नीट (यूजी) परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर 18 जुलाई को शीर्ष अदालत में सुनवाई होनी है।

## अमेरिका में चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प पर जानलेवा हमला

**नई दिल्ली।** मुझे तुरंत पता चल गया कि कुछ गड़बड़ है। मैंने एक तेज़ आवाज़ सुनी, और फिर गोली चली। मैंने तुरंत महसूस किया कि गोली मेरी स्किन को चीरती हुई निकल रही है। बहुत ज़्यादा खून बह रहा था, फिर मुझे एहसास हुआ कि क्या हो रहा है।



शूटर को गोली मार दी गई लेकिन उसकी अभी पहचान नहीं हुई है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि वह रैली स्थल के बाहर एक इमारत में छिपा था। रैली में आये लोगों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा: 13 जुलाई की शाम को लगभग 6:15 बजे, पेंसिलवेनिया के बटलर में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की रैली के दौरान एक संदिग्ध शूटर ने रैली स्थल के बाहर एक ऊंचे स्थान से मंच की ओर कई गोलियां चलाईं। यूएस सीक्रेट सर्विस ने तुरंत सुरक्षा के उपाय किए और पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं और उनकी जांच की जा रही है। एक व्यक्ति की मौत हो गई, और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की अभी जांच चल रही है और सीक्रेट सर्विस ने औपचारिक रूप से संघीय जांच ब्यूरो को सूचित कर दिया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा कि उन्होंने ट्रंप से बात करने की कोशिश की। पहली बार बाइडेन ने ट्रंप को डोनाल्ड कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा, मैं जल्द ही उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। यह बहुत ही भयानक है। रैली बिना किसी समस्या के शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की जानी चाहिए थी। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, ट्रंप पर गोली चलाने वाले संदिग्ध शूटर समेत दो लोग मारे गए हैं। वाशिंगटन पोस्ट ने कहा, बटलर काउंटी के जिला अटॉर्नी रिचर्ड गोल्डिंगर ने कहा कि दो लोग मारे गए हैं, जिनमें से एक शूटर भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी पर हुए हमले की निंदा की है. बिडेन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं यह सुनकर आभारी हूं कि वह सुरक्षित हैं और अच्छा कर रहे हैं। मैं उनके और उनके परिवार और रैली में शामिल सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं, क्योंकि हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि जब ट्रम्प रैली में भाषण दे रहे थे, तभी गोलियां चलने की आवाजें सुनाई दीं। रैली में गोलियों की आवाज जैसी तेज आवाजें सुनाई देने के बाद सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने ट्रम्प को बचाते हुए मंच से उतारा। रैली में जैसे ही गोलियों की आवाजें बंद हुई, और उन्हें लगा कि एक गोली पीछे से चलाई गई है और उन्हें गोली लगी है तो ट्रंप ने अपने दाहिने कान पर हाथ रखा, जहां उनके गाल और मुंह पर खून ??दिखाई दे रहा था। लगने के बाद ट्रम्प ने खुद कहा कि उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी है।

### मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से मैं चिंतित : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।



प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से मैं बहुत चिंतित हूँ। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूँ। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। इसके साथ ही पीएम ने हमले में मारे गए या घायल हुए लोगों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की। उन्होंने आगे लिखा, हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं। बता दें, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक चुनावी रैली में गोली मारी गई। अगले ही दिन रिपब्लिकन पार्टी औपचारिक रूप से उन्हें व्हाइट हाउस के लिए अपना उम्मीदवार घोषित करने वाली थी। उससे ठीक एक दिन पहले उन पर हत्या का प्रयास किया गया। मुझे तुरंत पता चल गया कि कुछ गड़बड़ है। मैंने एक तेज़ आवाज़ सुनी, और फिर गोली चली। मैंने तुरंत महसूस किया कि गोली मेरी स्किन को चीरती हुई निकल रही है। बहुत ज़्यादा खून बह रहा था, फिर मुझे एहसास हुआ कि क्या हो रहा है। सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा: 13 जुलाई की शाम को लगभग 6:15 बजे, पेंसिलवेनिया के बटलर में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की रैली के दौरान एक संदिग्ध शूटर ने रैली स्थल के बाहर एक ऊंचे स्थान से मंच की ओर कई गोलियां चलाईं। यूएस सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने शूटर को मार गिराया, जो अब मर चुका है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने तुरंत सुरक्षा के उपाय किए और पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं और उनकी जांच की जा रही है।

nandgaon times julai-15-01.qxd 7/14/2024 10:49 PM Page 2



## प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में हुआ फल वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी का जन्मदिवस पर 14 जुलाई को शहर जिला कांग्रेस द्वारा फल वितरण कर सादगीपूर्ण तरीके से मनाया



गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन में 14 जुलाई रविवार को कांग्रेसजनों द्वारा वृद्धाश्रम में फल वितरण कर वृद्धजनों से आशीर्वाद स्वरूप दीपक बैज जी की लंबी उम्र व दीर्घायु की कामना की। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का जन्मदिवस सादगीपूर्ण मनाते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि संगठन को लेकर लगातार सजग रहने वाले पार्टी की मजबूती के लिए लगातार कार्य करने वाले व हम सबके प्रेरणास्त्रोत के जन्मदिन पर उनके दीर्घायू की हम कांग्रेसजन कामना करते है। प्रदेश अध्यक्ष जी के दीर्घायू की कामना को लेकर वृद्धाश्रम में फल वितरण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से महामंत्री हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, मनीष गौतम, बबलू कसार, रजत बोइर, संदीप जायसवाल, शैलेष रामटेके, किशोर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## भाजपा के पार्षदों की संख्या बल से एक अधिक और कांग्रेस को एक कम इसकी चिंता कांग्रेस करे : लक्ष्मीनारायण अग्रवाल

**डोंगरगढ ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा विधानसभा मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ट भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने विज्ञप्ति के माध्यम से



कहा की भाजपा के पार्षदों द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसमें भाजपा को 15 मत मिले एवं कांग्रेस को 08मत मिले मतदान अधिकारी द्वारा कांग्रेस को विजयी घोषित किया गया निर्णय के खिलाफ भाजपा पार्षद दल के द्वारा कलेक्टर महोदय को आवदेन दिया गया है नगरपालिका पार्षदों की संख्या23हैं जिसमें कांग्रेस के पास09 एवं भाजपा के पास 14 हैं अविस्वास प्रस्ताव में भाजपा को 15 एवं कांग्रेस को 08 मत मिले हैं, भाजपा के पार्षदों की संख्या बल से एक अधिक और कांग्रेस को एक कम इसकी चिंता कांग्रेस करे कि एक कम कैसे हो गया , भाजपा पार्षदों ने अपने मत का उपयोग भाजपा के पक्ष में किया हैं । पूरे अविश्वास प्रस्ताव में कार्ययोजना तैयार करने के लिये प्रदेश भाजपा के द्वय महामंत्री श्री रामजी भारती एवं भरत वर्मा ,पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव सहित सुनीलकुमार जैन, शहर भाजपा के अध्यक्ष अमित जैन सहित समस्त कार्यकर्ताओंकी भूमिका सराहनीय है।



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री श्याम के दीवाने एवम हनुमान भक्तो द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ की 17 वीं माला 1836 वा पाठ बीएनसी मिल प्रांगण स्थित श्री राम मंदिर में 108 जोड़ो ने किया । व्यासपीठ में राजेश शर्मा एवम गणेश मिश्रा की जोड़ी के साथ निखिल - श्याम - राधिका विराजमान हुए।

### सप्ताह के सितारे (15 जुलाई 2024)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 4 - 7 - 9 | 24-42-49-94-29-92 |
| मंगल | 1- 2 - 7 - 0 | 12-21-17-71-10-01 |
| बुध | 1 - 3 - 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| गुरू | 2- 7 - 8 - 0 | 27-72-20-02-80-08 |
| शुक्र | 3 - 4 - 7 - 8 | 14-41-47-74-40-04 |
| शनि | 3 - 7 - 9- 0 | 79-97-70-07-37-73 |

अंकों का बादशाह -0 सप्ताह में अचूक 3 - 5 - 6 - 8

सप्ताह का वरदान -1 स्पेशल - 34- 57 -69 -68

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 15 - 16 - 18 | (6) 63 - 65 - 66- 68 |
| (2) 23 - 25 - 26 - 28 | (7) 73 - 75 - 76 - 78 |
| (3) 33 - 35 - 36 - 38 | (8) 83 - 85 - 86 - 88 |
| (4) 43 - 45 - 46 - 48 | (9) 93 - 95 - 96 - 98 |
| (5) 53 - 55 - 56 - 58 | (10) 03 - 05 - 06 - 08 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 29-75-90-82-70-65 | 04-58-97-66-47 |
| 15-25-75-26-31-98 | 99-85-01-08-39 |
| 45-26-64-47-66-15 | 25-93-57-13-23 |
| 77-66-24-64-13-84 | 37-67-11-61-78 |
| 26-91-29-88-04-55 | 12-98-77-23-33 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी कोमल श्रीवास का सर्व यादव महासभा ने किया सम्मान

## कोमल श्रीवास ने अपने खेल प्रदर्शन से पूरे प्रदेश को किया गौरवान्वित: मधुसूदन यादव





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव के नेतृत्व में सर्व यादव महासभा राजनांदगांव के पदाधिकारीगणों ने संस्कारधानी की राष्ट्रीय राइफल शूटर खिलाड़ी कोमल श्रीवास का सम्मान किया। पूर्व सांसद के मोतीपुर स्थित निज निवास में आयोजित एक सादे सौजन्य भेंट कार्यक्रम में जिले के झेरिया, कोसरिया एवं ठेठवार यादव समाज के प्रतिनिधियों ने पूर्व सांसद मधुसूदन के साथ शहर की इस होनहार राइफल शूटिंग खिलाड़ी कोमल से भेंट कर उसका सम्मान व उत्साहवर्धन किया एवं उसके संघर्षमय जीवन के अनुभव जाने। इस प्रतिनिधि मंडल में कोसरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष कंसुराम यादव, शहर अध्यक्ष महेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष राधे लाल यादव सहित सर्व यादव समाज के शीलू राम, कार्तिक राम, दुर्गा, हरिश्चंद्र, विजय, उपेंद्र, रितेश , विनोद (बंटी), नरसिंह, गरीबा राम, सुदेश, अमन, चेतन, पार्षदद्वय राजेश यादव एवं दुर्गेश यादव एवं साथी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पूर्व सांसद मधुसूदन ने प्रतिभावान राईफल शूटर खिलाड़ी कोमल श्रीवास की प्रशंसा करते हुए सभा को बताया कि कोमल ने अपने जीवन में बहुत कठिन संघर्ष करके सफलता प्राप्त की है और राजनांदगॉव शहर, जिला एवं पूरे प्रदेश को अपने खेल प्रदर्शन से गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय खिलाड़ी कोमल ने अपने जीवन संघर्ष एवं उपलब्धियों के बारे में यादव महासभा को बताया कि वह एक साधारण परिवार में पली बढ़ी है, उनके पिता सुरेश श्रीवास वनरक्षक है एवं उनकी माता एक गृहणी है, जो जूनी हटरी राजनांदगांव में निवास करते हैं। कोमल की स्कूली शिक्षा वेसलीयन हिंदी मीडियम स्कूल से हुई है और उन्होंने स्नातक (बी.एस.सी. गणित) की परीक्षा दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव से एवं बी.पी.एड. दुर्ग यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण किया है। कोमल ने एनसीसी की ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षा विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की है, जहां से उनकी रुचि राइफल शूटिंग में उत्पन्न हुई और इस खेल में उन्होंने कई पुरस्कार जीते । साथ ही साथ उन्हें एनसीसी अचीवर अवार्ड नई दिल्ली, स्वामी विवेकानंद अवार्ड, वीरता अवार्ड नई दिल्ली, के साथ-साथ छह बार राइफल शूटिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने का श्रेय भी प्राप्त है । कोमल ने खेल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के इनकम टैक्स विभाग में मल्टी टास्किंग स्टाफ के रूप में चयनित हुई हैं और वर्तमान में पटना,बिहार राज्य में अपनी सेवाएं दे रही है । कोमल ने अपने उपलब्धियों के लिए डॉ. रमन सिंह जी अध्यक्ष छ.ग.विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव जी एवं पूर्व महापौर स्वर्गीय शोभा सोनी जी का अभार मानते हुए बताया की इन तीनों ने ही सदैव जीवन की विषम परिस्थितियों में प्रोत्साहन, मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहारा देकर मुझे जीवन में बड़े लक्ष्य गढ़ने और हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

# शासन के अनुसार होगा वार्डो का परिसीमन - शरद सिन्हा

## कहा - परिसीमन को लेकर कुलबीर के लिए कोर्ट का दरवाजा खुला है

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सन्निकट नगर निगम चुनाव को लेकर परिसीमन की प्रक्रिया के चलते शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा के बयान पर भाजपा के वरिष्ठ पार्षद शरद सिन्हा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है श्री सिन्हा ने कुलबीर के बयान के अंत में विधिक प्रक्रिया की ओर अग्रसर होने की बात को गंभीरता से लिया है श्री सिन्हा ने कहा कि कुलबीर यह चाहते हैं। कि सरकार उनकी बात माने नहीं तो वह न्यायालय की शरण में जाएंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि वार्ड का परिसीमन शासन के निर्देशानुसार होगा। कुलबीर कोर्ट जाने की अप्रत्यक्ष तौर पर धमकी दे रहे हैं। तो कोर्ट का दरवाजा उनके लिए भी खुला है। चाहे तो और भी कांग्रेसी नेता कोर्ट जा सकते हैं। श्री सिन्हा



ने आगे कहा कि समाचार पत्र के माध्यम से कुलबीर सिंह छाबड़ा को यह कहा है कि जब 5 साल पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने निगम चुनाव के समय वार्ड का परिसीमन कराया था। तब उनको अपना फायदा नजर आ रहा था। अपने फायदे के लिए परिसीमन कराया तब तो भाजपा ने इस तरह अनर्गल बयान बाजी नहीं की थी। तात्कालिन कांग्रेस सरकार ने वार्ड का परिसीमन कराया और उनके मंशा के अनुरूप चुनाव में उन्हें फायदा भी हुआ फिर भी भाजपा बर्दाश्त करती रही अब विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त मिलने के बाद आगामी नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस को हार का डर सताने लगा है। इसलिए अनावश्यक बयान बाजी की जा रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि सबको पता है कि कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी का आरोप केंद्र की भाजपा सरकार पर लगाया था। अगर ऐसा था तो वह चुनाव के लिए क्यों तैयार हुई चुनाव का बहिष्कार कर देना था।



10

राजनांदगांव ( **नांदगांव टाइम्स** )। तुलसीपुर स्थित शिव जी मंदिर में मां गायत्री कोचिंग एवम स्वास्तिक जनसमर्पण सेवा समिति ने लगाए पौधे, बच्चों ने बताए वृक्षारोपण के गुण लाभ बेल-आवले जैसे गुणकारी पौधो का किया गया रोपण।

# मिलन साहू को दी गई बिदाई



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी में कार्यरत भृत्य मिलन साहू सेवानिवृत हुए।सेवानिवृत्ति पर शाला स्टॉफ के द्वारा उनको समारोहपूर्वक बिदाई दी गई। शाला में आयोजित उनके बिदाई समारोह के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष सुयश नाहटा थे,अध्यक्षता शाला के प्र. प्राचार्य गुमान साहू ने किया। बिदाई के अवसर पर शाला परिवार ने मिलन साहू के सेवाभावी कार्य, सरल,सहज एवं विनम्र स्वभाव की प्रशंसा की। श्री साहू ब्रम्हचारी आश्रम दर्री से जुड़े साधक हैं। वे लगातार आश्रम के धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यों में संलग्न रहते हैं। उन्हें शाला परिवार के द्वारा शाल,श्रीफल,सम्मान पत्र,मोमेंटो से सम्मानित करते हुए अंग वस्त्र,एवं ट्रॉली बैग भी भेंट किया गया। मुख्य अतिथि श्री नाहटा ने मिलन साहू के सरल व्यक्तित्व की प्रशंसा किया। प्र. प्राचार्य गुमान साहू ने शाला परिवार की ओर से बोलतेहुए उनके सुख,शान्ति एवं मंगलमय जीवन की कामना की।कार्यक्रम में पूर्व मा. शाला खुज्जी के प्रधानपाठक तीरथराम देवांगन,गजेन्द्र हरिहारनों, वसीम खान, शोभितराम साहू, मोरध्वज वैष्णव,स्कूल के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन अंचल के कवि,साहित्यकार गजेन्द्र हरिहारनों ने किया। अंत में शाला परिवार के द्वारा श्री साहू को बैंड बाजे के स्वागत करते हुए घर तक पहुंचाया गया।

# निगम प्रशासन एवं महापौर नहीं चाहते शहर में सफाई व्यवस्था ठीक हो - शिव वर्मा

## भाजपा सरकार को बदनाम करने की साजिश

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने शहर की सफाई व्यवस्था खराब होने के लिए महापौर एवं निगम प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इससे भाजपा सरकार को बदनाम करने की साजिश चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों शहर की सफाई व्यवस्था आधे से ज्यादा वार्ड में ठेके पद्धति से सफाई होता है। चुनाव होने के कारण सफाई ठेका निविदा आमंत्रण के बाद आचार संहिता हटने के बाद निविदा को खोला गया। परंतु महापौर परिषद में सफाई कर्मचारी कटौती को लेकर महापौर ने इसे निरस्त किया। तथा सफाई ठेका खत्म होने के बाद अभी वर्तमान में ठेके वाले वार्ड में कर्मचारी नहीं होने कारण वार्ड के सफाई व्यवस्था पूरी तरह खराब हो चुका है। नालिया की सफाई नहीं होना तथा वार्ड में झाड़ू नहीं लगे गोबर की उठाव नहीं होने के कारण पूरा वार्ड में गंदगी पसरा हुआ है। तथा कभी भी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकता है। जिसकी



संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन एवं महापौर की होगी। सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन एवं महापौर जनता को मूलभूत सुविधा प्रदान करने के बजाय हाथ में हाथ धरे बैठे हुए हैं। इनको जनता से कोई लेनादेना नहीं है।

श्री वर्मा ने आगे कहा कि महापौर पूरे 5 साल सिर्फ जनता को गडबों नवा राजनांदगांव का सपना दिखाया है।प्रथम नागरिक का दायित्व पूरी तरह भूल गए हैं। सफाई के नाम से राजनीति करने वाले महापौर को अब जनता से कोई सरोकार नहीं है। निगम आयुक्त भी अपने दायित्व को भूल कर राजनीति कर रहे हैं। तथा भाजपा को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। आज शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। ठेका वाले वार्डों की हालत खराब होते जा रहा है। एक हफ्तों से नालियों की सफाई तथा सड़कों की सफाई बिल्कुल नहीं हो पाया है। आखिर जिम्मेदार कौन है। महापौर या निगम प्रशासन।

# डोंगरगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर 03 नाबालिग बालिकाओं को किया रायपुर से बरामद

## अलग-अलग 03 नाबालिग बालिकाओं का गुम होने का हुआ था रिपोर्ट दर्ज , पुलिस की त्वरित कार्यवाही से तीनों नाबालिग बालिकाओं को किया गया एक साथ बरामद

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना डोंगरगढ़ में दिनांक- 11.07.2024 को अलग-अलग दो ग्राम के 03 नाबालिग बालिका घर में बिना बताये कहीं चली गई है जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अलग-अलग 03 प्रकरण धारा- 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण के अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम से दिशा-निर्देश प्राप्त कर तत्काल निरीक्षक




जितेन्द्र वर्मा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये टीम तैयार कर अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश में जुट गये पतासाजी दौरान तकनिकी सहयोग से अपहृत बालिकाओं का पता रायपुर में पता चलने से तत्काल तैयार टीम को रायपुर परिजन के साथ रवाना किया गया जहां पुलिस टीम द्वारा रायपुर पुलिस से मदद लेकर तीनों प्रकरणों के अपहृताओं का पता तलाश किया गया जहां तीनों अपहृतायें एक होटल में ठहरे हुये थे जहां से तीनों बालिकाओं को बरामद कर वापस लाया गया। बालिकाओं से महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पुछताछ करने पर पढ़ाई में मन नहीं लगने के कारण व पढ़ाई करने के लिये घर में डांटने के कारण तीनों सहेली एक राय होकर कोई काम ढुंढ कर काम करने के लिये रायपुर जाना बताई किसी के द्वारा बहला-फुसलाकर नहीं ले जाना बताई व अपने साथ किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना घटित होना नहीं बताई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, प्र0आर0 नवीन कुमार क्षत्रिय, आरक्षक चंद्रप्रताप सिंह, लीलाधर मण्डलोई एवं रायपुर पुलिस का विशेष योगदान रहा है।

## ज्ञान मंथन

*1) मंत्रिमंडल पद्धति तथा सामूहिक जिम्मेदारी किस देश की देन है?*
*2) नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता ने 12 मई, 2024 तक माउण्ट एवरेस्ट पर कितनी बार चढ़ाई की है?*
*3) 15 अप्रैल, 2024 को भारत के नए सचिव कौन नियुक्त किए गए है?*
*4) आंतरिक संक्रमण तत्वों की कुल संख्या कितनी है?*
*5) अंडरवाटर फोटोग्राफर ऑफ द ईयर 2024 का पुरस्कार किसने जीता?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) ब्रिटेन (2) 28 (3) वंदिता कौल (4) 29 (5) एलेक्स डॉसन

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, निपुण भारत,FLN पर आधारित बाल कविता




सुबह गुनगुनाए भौंरा, और झिंगुरू नाँचे रैन।
निपुण भारत लेकर आया, बच्चों का एफएल एन।
सभी डिब्बों में बैठो बच्चों, छूट ना जाए कहीं ट्रेन।
बांटी भौरा संग खेलेंगे, हम सब मिलकर खेल ।
अ से ढ़ तक वर्ण अक्षर, और होगा मात्राओं का मेल।
बड़े मजे से होगी पढ़ाई, विद्यालय नहीं लगेगा जेल।
ज्ञान ज्योति से रौशन होगा, अब बंद कीजिए लालटेन।
बुनियादों को मजबूत करेंगे, कभी ना होंगे अबट्ठ फेल।
वन टू थ्री फोर से है आगे, एट नाइन और अंक हंड्रेड।
समग्र विकास का पैमाना, बनाता हमारा एफएल एन।
जोड़ घटाव गुणा भाग संग, चिन्हों से करो भेद विभेद।
राष्ट्र,राज्य,जिला,ब्लॉक से, स्कूल तक का है जो मेल ।
भय मुक्त शिक्षा हो कहता, हमारा शिक्षण एफएल एन।
हर बच्चे अब निपुण बनेंगे, शिक्षा नीति दे रहा है संदेश ।



मदन मंडावी
(H.M)
ढारा, डोंगरगढ़,
राजनांदगांव

# गौ-रक्षा हेतु कड़े कानून बनाने बजरंग दल ने रखी मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील सेन ने साय सरकार से गौ रक्षा हेतु कड़े कानून लागू करने की मांग की है। वर्षों से गौ वंशो के साथ अनेक अत्याचार किया जा रहा है, कहीं तस्करी तो कहीं गौ पालकों द्वारा गौ को छोड़ा जाना, गौ के जीवन के लिए अत्यंत पीड़ादायक हो गया है। राजनांदगांव छग राज्य की बॉर्डर होने के कारण तस्करी यहां धड़ल्ले से होती है, जिसके लिए संगठन के बजरंगी अपनी जान पर खेल के रोकने का प्रयास करते है, जिस पर तस्कर उन्हें घायल और मारने का भी प्रयास करते है। कई बार तो ये भी देखा गया है कि पुलिस प्रशासन भी इन तस्करों के हमले से घायल हुआ है।

छत्तीसगढ़ को गाय विहीन होने से बचाने संगठन समय-समय पर आंदोलनों और ज्ञापनों के माध्यम से शासन-प्रशासन से गौ के लिए अनेक मांगे की है, परंतु उनका प्रभाव कुछ समय तक ही देखने को मिला है। शासन द्वारा नए और कड़े कानून निर्माण की अवश्यकता है, जिसके लागू होने पर गौ के साथ क्रूरता कर आजीवन कारावास जैसी व्यवस्थाएं हो, इन्हें जघन्य अपराधों की श्रेणी में रखा जाए तथा प्राथमिकता से इन अपराधो परं सजा का प्रावधान हो, जिस से समाज में गौ क्रूरता पर कमी आए।



ऐसे उपाय सुनिश्चित किए जाए, जिस से ग्रामों और शहरों में गौ ना छोड़े जाए और गौ उत्पादों का निर्माण उपयोग के प्रचार-प्रसार हो, जिस से गौपालाक को जीविका चलाए जाने दूध के अलावा गोबर और मूत्र का भी उपयोग पता चले तथा शासन प्रदर्शनी के माध्यम से इन उत्पादों के विक्रय की व्यवस्था करे। सरकार योजना लाकर गौपालकों को मासिक देय राशि की व्यवस्था कर सकती है, जिससे लोगों पर गौपालन का भार मुक्त हो और ज्यादा से ज्यादा संख्या में गौ वंशों का पालन घरों में हो, ताकि गौ वंश संरक्षण सवर्धन पर छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान हासिल करे। वहीं गौरक्षा जिला प्रमुख अंशुल कसार ने कहा कि हाईवे और नगर निगम पूर्ण रूप से गौ से भरा हुआ है, जिससे एक्सीडेंट और मृत्यु को बढ़ावा मिला है। नगर निगम उचित जगह पर ब्रेकर और बेरिकेट्स की व्यवथा बनाये, ताकि कोई भी हादसे का शिकार ना हो, हिन्दू धर्म में गाय को एक पवित्र और पूजनीय पशु माना जाता है। गायों को दिव्य और पालन-पोषण करने वाली मां के रूप में देखा जाता है, जो सभी जीवित प्राणियों को पोषण और जीविका प्रदान करता है, इसलिए गौ माता का संरक्षण और सवर्धन हमारा परम कर्तव्य भी तो है।

# बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित





**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 14 जुलाई 2024 को बीएससी नर्सिंग 2024 प्रवेश परीक्षा, छत्तीसगढ़ व्यापम के निर्देशानुसार आयोजित हुई। जिला कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के दिशा निर्देशन में जिला नोडल अधिकारी श्री अविनाश ठाकुर एवं जिला समन्वयक श्री पुरुषोत्तम लाल साहू के नेतृत्व में जिले के दो परीक्षा केंन्द्रों सेजेस मोहला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाकठेरा में बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2024 संपन्न हुई। इस प्रवेश परीक्षा के लिए 619 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें से 337 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए एवं 282 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## शक्ति वाहिनी की महिला बहनों ने किया वृहद वृक्षारोपण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज शक्ति वाहिनी द्वारा रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर में वृक्षारोपण किया गया जिसमें आम ,आंवला, करंज, बेल गुलमोहर, अमरूद, जामुन एवं अन्य फलदार एवं छायादार लगभग 50 पौधे लगाए गए 7 आज के वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक आदरणीय विनोद खांडेकर जी उनके साथ सम्मानीय सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, सम्मानीय संतु राव जी , सम्मानीय प्रिंस कक्कड़ जी एवं शक्ति वाहिनी की सदस्यों मे प्रमुख रूप से वैशाली देशकर ज्योति बड़वाईक नमिता चौबे, सविता साहू, सीमा मिश्रा,अंजू चौधरी ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, रीना रगड़े, सुनीता बघेल, ,निर्मला त्रिपाठी ,मीना यादव ,गीता मानिकपुरी , शारदा भोंडे, सपना , रिया साहू, पूजा ऊजवने, रमा त्रिपाठी,श्वेता बनौदे सहित बड़ी संख्या में महिला बहने ऊपस्थित हुई ।




# राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 समग्रत: छात्र हितकारी - द्विवेदी



**राजनांदगांव.** 21वीं सदी की सर्वाधिक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 देश-प्रदेश में लागू होने के महत्तम परिप्रेक्ष्य में नगर के शिक्षा, विचार प्रज्ञ व्यक्तित्व डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक विचार-विमर्श चिंतन टीप में बताया कि प्रमुख रूप से विद्यार्थी केन्द्रित, व्यवहारिक, विशुद्ध रचनात्मक क्षमता विकसित करने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 समग्र रूप में छात्र हितकारी-सर्वकल्याणकारी नीति है। छात्रों, प्राध्यापकों एवं शिक्षा संस्थानों की क्षमता में समृद्धि एवं बुनियादी सुधार-बदलाव के साथ सभी के लिए समता आधारित और समावेशी उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने वाली यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति संपूर्ण देश-धरती में संवहनीय विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ छात्रों को प्राचीन, अतीव गौरवशाली भारतीय ज्ञान, कला-कौशल, संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से जोडने वाली है। उल्लेखनीय रूप से इस नीति की दृष्टि अत्यधिक व्यापक और दीर्घकालीक है तथा इस शिक्षा नीति का मूल दृष्टिकोण वैश्विक है तथा स्थानीय भी है। जिसका लक्ष्य शिक्षा-ज्ञान-संस्कृति को सुदृढ़ करना है। इसमें एक साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था है तो दूसरी तरफ पर्याप्त शैक्षिक सुधारों को प्रमुखता से लागू करने का प्रक्रम भी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से देश की सभी भाषाओं को संरक्षण-संवर्धन के लिए भी अनिवार्य व्यवस्था की गई है। आगे डॉ. द्विवेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 की विशिष्टताओं पर सार संक्षिप्त विमर्श में बताया कि उसके द्वारा प्रत्येक छात्र की विशेष क्षमताओं को पहचानकर उन्हें मान्यता देते हुए सतत रूप से प्रोत्साहित करना है। कला, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी तथा खेलों के साथ बहुविषयक शिक्षा देकर मुख्य विषय में पूर्ण समझ विकसित करना है। ताकि प्रत्येक विद्यार्थी तार्किक निर्णय लेने की क्षमता विकसित कर नवोन्वेश को बढ़ावा दे सके और जीवनचर्या में नैतिकता, मानवीय और संवैधानिक मूल्यों को भी सहजता से अपना सके। मुख्य रूप से इस राष्ट्रीय नीति में शिक्षा और ज्ञानार्जन में प्रोद्योगिकी के विस्तृत उपयोग के साथ क्षेत्रीय विविधता और स्थानीय संदर्भो का सम्मान करते हुए शिक्षा को एक लोक सेवा का प्रादर्श रूप दिया गया है। जो समसामयिक परिस्थितियों में युवाओ के लिए लाभकारी है।

## एक लाख के पांच माओवादी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** सुरक्षाबलों की संयुक्त कार्रवाई में गंगालूर क्षेत्र के मेटापाल से एक लाख के ईनामी सहित पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली हत्या, हत्या का प्रयास, आईईडी विस्फोट करने की घटना में शामिल थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सल विरोधी अभियान के दौरान डीआरजी व गंगालुर थाना की संयुक्त पार्टी मेटापाल व पुसनार की ओर अभियान पर निकली थी। पकड़े गए नक्सली 5 मार्च 2022 को गंगालुर थाना क्षेत्र के पुसनार व टेकामेटा के जंगल में पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थे।

# गायत्री परिवार द्वारा चांदो में वृहद वृक्षारोपण अभियान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंचल के आदर्श ग्राम चांदो में गायत्री परिवार द्वारा दो दिन तक श्रीराम स्मृति उपवन में इजवृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है,जिसमे 500 से अधिक पौधे का रोपण किया जाना है।रोपण हेतु पौधा गायत्री परिवार के कार्यकताओं द्वारा अंशदान करके खरीद के लाया गया है,जिसमे फलदार,छायादार तथा औषधीय गुणों वाले पौधे शामिल है।बता दे विगत वर्ष पांच एकड़ जमीन में गायत्री परिवार एवम् जन सहयोग से उपवन का निर्माण किया है जिसमे 1300 पौधे का रोपण किया गया था जो कि वर्तमान में 1200 से अधिक पौधे जीवित और सुरक्षित है। पौधों का देखभाल स्थानीय युवाओं द्वारा योजनाबद्ध तरीके से




किया जाता है प्रत्येक पौधा किसी न किसी युवक का मित्र है और वह युवक तरुमित्र कहलाता है,उचित देखभाल के लिए स्थानीय युवाओं द्वारा साप्ताहिक श्रमदान करके पौधो का देखरेख करते है।उपवन के नियमित देखभाल हेतु एक माली रखा गया है जिसका पारिश्रमिक हर युवा द्वारा प्रत्येक महिना अंशदान करके दिया जाता है।श्रीराम स्मृति उपवन शिवनाथ नदी के तट पर स्थित एक शानदार आध्यात्मिक एवम् प्राकृतिक स्थल है,उपवन में नवग्रह वाटिका,नक्षत्र वाटिका,पंचवटी,पुष्प वाटिका तथा फ्लोद्यान का निर्माण किया गया है।यहां के पहाड़ी में प्राचीन मंदिर है जो प्रभु चांदी पाठ के नाम से विख्यात है।वन विभाग द्वारा इस स्थान को इको टूरिज्म का दर्जा देकर गार्डनिंग,सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।शिवनाथ नदी में बहुत पुराना डायवर्सन निर्मित है जो आकर्षण का केंद्र है।चांदो धार्मिक,ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल का त्रिवेणी संगम होने के कारण पर्यटकों को काफी आकर्षित करता है। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने गायत्री परिवार के व्यवस्थापक होरीलाल साहू सहित सभी कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण करने अपील किया गया है।

## धर्म समाचार....

# 72 साल बाद ऐसा संयोग, तीन शुभ योग में होगी सावन महीने की शुरुआत



श्रावण माह में भगवान का अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार होगा। कही महादेव की भूतनाथ के स्वरूप में श्रृंगार तो कही अमरनाथ की झांकी सजेगी।साथ ही पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण भी इस दौरान किया जाएगा। परदेशीपुरा स्थित शिवधाम में विशेष प्रकाश व्यवस्था के साथ हर सोमवार को अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार होगा।

शिव आराधना का श्रावण माह इस बार 22 जुलाई से 19 अगस्त तक 29 दिवसीय होगा। खास बात यह है कि यह सोमवार से शुरू होकर सोमवार को ही समाप्त होगा। ज्योर्तिविदों के अनुसार साथ ही इसमें महादेव का प्रिय दिन श्रावण सोमवार पांच आएंगे। यह संयोग 72 साल बाद बन रहा है। इस खास अवसर की विशेष तैयारियां शहर के नए-पुराने शिव मंदिरों शुरू हो गई है। इस दौरान भगवान के विशेष श्रृंगार के साथ भूतभावन की सवारियां भी निकाली जाएगी। इसके अतिरिक्त कावड़ यात्राओं के आयोजन भी होंगे।


ज्योर्तिविद् शिवप्रसाद तिवारी के अनुसार श्रावण माह के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि के साथ ही प्रीति और आष्मान योग का संयोग बनेगा। सावन माह में सोमवार का विशेष महत्व है। यह व्रत मनोकामना पूर्ति के लिए लिए किया जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। इसके चलते धार्मिक दृष्टि से इस दिन की विशेष महत्ता है।यह माह माता पार्वती को भी विशेष प्रिय है। इस महीने में मंगला गौरी व्रत किया जाता है। इससे व्रतधारी को अखंड सौभाग्य की प्राप्ती होती है। मंगला गौरी व्रत 23 जुलाई, 30 जुलाई, 6 अगस्त और 13 अगस्त को रहेगा। इसके अतिरिक्त हरियाली अमावस्या 4 अगस्त, 7 अगस्त को हरियाली तीज, 9 अगस्त को नाग पंचमी, 10 अगस्त को कल्की जयंती, 11 अगस्त को भानु सप्तमी, 17 अगस्त को सिंह सक्रांति और पुत्रदा एकादशी, 19 अगस्त को रक्षा बंधन, गायत्री जयंती रहेगी।

**किस दिन रहेंगे श्रावण सोमवार**

22 जुलाई को पहला सोमवार
29 जुलाई को दूसरा सोमवार
05 अगस्त को तीसरा सोमवार।
12 अगस्त को चौथा सोमवार।
19 अगस्त को पांचवा सोमवार।

## संसदकिसी के घर मेहमान बनकर जाएं, तो ध्यान रखें चाणक्य की ये बातें, ताकि बना रहे मान-सम्मान

आचार्य चाणक्य को इतिहास के सबसे बुद्धिमान व्यक्तियों में से एक माना जाता है। चाणक्य नीति जीवन को सरल और सफल बनाने की एक नीति है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपने जीवन में चाणक्य नीति को जरूर अपनाना चाहिए। इससे व्यक्ति को कई परेशानियों का हल मिल सकता है। यही कारण है कि आज भी लोग चाणक्य नीति का अनुसरण करते हैं। आचार्य चाणक्य के नीति शास्त्र में लिखी बातों का आज भी लोग पालन करते हैं। चाणक्य नीति भारत की सबसे लोकप्रिय नीतियों में से एक है, जिसमें जीवन के विभिन्न पहलुओं का वर्णन मिलता है। ऐसे में आचार्य चाणक्य ने अपने नीति शास्त्र में बताया है कि यदि आप किस दूसरे के घर में मेहमान बनकर जाते हैं, तो आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि आपका मान-सम्मान रिश्तेदारों के बीच बना रहे। चाणक्य नीति में बताया गया है कि व्यक्ति को कभी भी बिना वजह किसी के घर मेहमान बनकर नहीं जाना चाहिए, इससे आपका सम्मान कम हो सकता है। ऐसे में व्यक्ति को किसी काम से या फिर बुलावे पर ही दूसरे व्यक्ति के घर जाना चाहिए। हमेशा किसी मेहमान के घर जाने से पहले उससे एक बार पूछ लेना चाहिए और इसके बाद ही किसी दूसरे के घर मेहमान के रूप से जाना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे आपका मान-सम्मान बना रहता है। आचार्य चाणक्य का यह भी कहना है कि बिना किसी काम के किसी व्यक्ति के घर ज्यादा दिनों तक नहीं रुकना चाहिए, क्योंकि मेहमान केवल कुछ ही दिनों के लिए अच्छे लगते हैं। ऐसे में ज्यादा दिनों तक भी किसी के घर रुकने से उस व्यक्ति की नजरों में आपकी इज्जत घटने लगती है।






# अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

## युगांतर खेलों इंडिया एकेडमी राजनांदगांव जीता स्वर्ण पदक, फायनल में साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी को 81-61 अंकों से किया पराजित








**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युगांतर खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 8 से 12 जुलाई 2024 तक चले इस प्रतियोगिता को लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेला गया। प्रतियोगिता में साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की दो टीम, साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर, साई ट्रेनिंग सेंटर सेलम, साई ट्रेनिंग सेंटर धारवाड़, साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी, युगांतर खेलो इंडिया एकेडमी एवं साई ट्रेनिंग सेंटर जम्मू की टीमों ने हिस्सा लिया।



पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज सेवी श्री शैंकी बग्गा, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी श्री लुमेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाडि़यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सभी तरह खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सहित अन्य सुविधाओं मिल रही है। जिले में खेलों के विकास से लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। साई ने मृणाल चौबे, रेणुका यादव, लुमेन्द साहू, श्रवण कुमार सहित कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए। पूर्व सांसद ने अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक श्री कालवा राजेश्वर राव द्वारा राजनांदगांव के बास्केटबॉल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि साई द्वारा जिले में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने पदक विजेता टीम को बधाई दी और प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सभी टीमों को धन्यवाद दिया।समाज सेवी श्री शैंकी बग्गा ने कहा कि राजनांदगांव जिले में राष्ट्रीय स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता होना गर्व का विषय है। राजनांदगांव जिला एक भारत श्रेष्ठ भारत के मिशन को पूरा करने का माध्यम बन रहा है। यहां देशभर के खिलाड़ी लगातार पहुंच रहे है और अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे ने कहा कि जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे है। जिले को बास्केटबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। इसी का नतीजा है कि विगत 2007 के पश्चात राजनांदगांव में बास्केटबॉल की लगातार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक श्री कालवा राजेश्वर राव ने साई द्वारा बास्केटबॉल खेल को जिले में बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम के खिलाडि़यों को पुरस्कृत किया। खिलाडि़यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं प्रतियोगिता में शामिल सभी कोच, मेनेजर और रेफ्री को भी सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी के ओम स्तिता को, बेस्ट शुटर का पुरस्कार जबलपुर के मोहित मलिक एवं प्रोमिसिंग प्लेयर का पुरस्कार वाराणसी के राजेश सिंह को प्रदान किया। फायनल में युगांतर खेलो




इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की टीम ने साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी की टीम को 81-61 अंकों से परास्त किया। पिछली विजेता साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर की टीम ने साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की टीम को 66-59 अंकों से परास्त किया। खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की और से ओम स्तिता, साहिल, प्रदीप कुमार, शुभम सिंह, अमन कश्यप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जबकि वाराणसी की ओर से राजेश सिंह और देवेश जायसवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जबलपुर की ओ से मोहित मलिक एवं अजय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। युगांतर खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी की कोच कालवा राधा राव, नवनीत द्विवेदी एवं वंदना सिंह थे। इस अवसर पर विभिन्न टीमों के कोच मेनेजर कार्तिकेयन, सचिन डोंगढ, पंकज पांडे, प्रियंका कालवा राधा राव, दिव्या धारावत, सागादेवन, हरप्रीत कौर, अशोक यादव, अमित कुमार, अंतर्राष्ट्रीय रेफ्री गोविंद सेन, जतिन मिश्रा, संतोष शुक्ला, अरविंद रजक, मनिष धोबी, तिरथ गोस्वामी, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से गगनदीप सिंह बरार सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ी, खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# भारी मात्रा में शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के राहुल नगर अटल आवास के रहने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि सिटी कोतवाली थाना पुलिस को सट्टा जुआ शराब सहित अन्य तरह के अपराध रोकने तथा अपराधियों को पकड़ने में लगातार सफलता मिल रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज 14 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल कन्हारपुरी ओव्हर ब्रिज के नीचे में रेड कार्यवाही कर आरोपी विजय ढीमर पिता शंकर ढीमर उम्र 19 वर्ष साकिन राहुल नगर अटल आवास लखोली के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 83 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 14.940 बल्क लीटर किमती 7470 रूपये कोतवाली पुलिस ने जप्त कर कब्जा में लिया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अपराध क्रमांक 432/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 जी सिरिल, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, रंजीत चौरसिया एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# कायस्थ महासभा अंबागढ़ चौकी जिला मुख्यालय में बैठक आहूत

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** कायस्थ संगठन



छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा के अध्यक्ष आनंदकुमार श्रीवास्तव के द्वारा द्वारा जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला मुख्यालय में एक बैठक आहूत की गयी थी। समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री बनवारी लाल श्रीवास्तव जी की उपस्थिति में आहूत बैठक में विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई। सामाजिक क्रियाशीलता के दृष्टिगत समाज के सक्रिय सदस्य साप्ताहिक बाजार कपड़ा व्यवसायी श्री भूपेंद्र श्रीवास्तव को संगठन का अध्यक्ष बनाये जाने की माँग की गयी।

# 15 जुलाई को मां कौशल्या धाम का दर्शन करने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचेंगे पाटेश्वर धाम

## संत श्री राम बालक दास जी से लेंगे आशीर्वाद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 1 जून से लगातार चल रहे 45 दिन की मंदिर संपर्क यात्रा का 15 जुलाई को श्री जामडी पाटेश्वर आश्रम मां कौशल्या धाम में समापन होगा समापन के अवसर पर सभा का आयोजन भी किया गया है आगामी 21 जुलाई को मां कौशल्या धाम के द्वितीय तल का लोकार्पण होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सपरिवार उपस्थित रहेंगे कल 15 जुलाई को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व गृहमन्त्री विजय शर्मा जी जो की बालोद जिला के प्रभारी मंत्री भी हैं श्री जामडी पाटेश्वर धाम आएंगे मां कौशल्या धाम का दर्शन करेंगे एवं संत श्री राम बालक दास जी से आशीर्वाद लेंगे इस अवसर पर 21 जुलाई को होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम के तैयारी की वे समीक्षा बैठक भी लेंगे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे दिनांक 15 जुलाई से श्री जामडी पाटेश्वर आश्रम में भागवत कथा भी प्रारंभ हो रहा है डोंगरगढ़ से तिलेंद्र महाराज जी 7 दिनों तक भागवत कथा का वाचन करेंगे 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा को भागवत कथा का समापन होगा संत श्री राम बालक दास जी ने सभी को इस अवसर पर आमंत्रित किया है।



# वेस्ट जोन टूर्नामेंट की तैयारियां अंतिम चरण में, 21 जूलाई से खेले जायेगें मैच



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हॉकी इंडिया द्वारा संचालित और मेजबान हॉकी छत्तीसगढ़ व जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में 21 जूलाई से आयोजित होने वाली 7 प्रदेशो के जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के तहत वेस्ट जोन के मैच खेले जायेंगें जिसकी तैयारियों को लेकर आयोजन समिति दिन रात एक किए हुए है।

संस्कारधानी एवं देश में हॉकी की नर्सरी के नाम से पहचान बना चुके छत्तीसगढ़ की खेल राजधानी राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में देश की बहु प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में एक हॉकी इंडिया की वेस्ट जोन के जूनियर बालक/बालिकाओं की हॉकी प्रतियोगिता 21 जूलाई से 28 जूलाई 2024 तक आयोजित हैं आयोजन समिति के सचिव फ़िरोज़ अंसारी ने जानकारी में बताया कि इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश,राजस्थान,महाराष्ट्र,गुजरात,दादर एवं नगर हवेली दमन एवं डीयू हॉकी, गोवा हॉकी के साथ ही मेजबान छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी बालक बालिका अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगें इस आयोजन में हॉकी इंडिया के तकनिकी समिति के साथ ही चयनकर्ता भी खिलाडियों का चयन करेगें। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर सदस्यों के बीच कार्य विभाजन करते हुए सभी से नगर की गौरवमयी परंपरा का ध्यान रखते हुए सहायोग की आपेक्षा की गई है हॉकी इंडिया के द्वारा जारी किए गये मैच कार्यक्रम के तहत बालक और बालिकाओं के अलग अलग पुल बनाकर स्पर्धा 21 जूलाई से 28 जूलाई 2024 तक लीग राउण्ड के मैच खेले जाएगें प्रतियोगिता का फायनल 28 जूलाई को आयोजित है प्रतियोगिता के दौरान बालिका वर्ग के मैच प्रात: 07:00 बजे से 10:00 बजे तक प्रति दिन खेले जाऐगें वही बालक वर्ग के लीग राउण्ड के मैच 11:00 बजे से संध्या तक 3 मैच खेले जाऐगें प्रतियोगिता के बालक बालिका वर्ग में पुल में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमो के मध्य फायनल मैच 28 जूलाई को संध्या 4 बजे से खेला जाऐगा।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com